# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007

निपुण भारत

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128

सेवा में,

1—प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
समस्त जनपद।

2—जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद।

पत्रांकः —GE-01/मिशन शक्ति / कार्ययोजना / 4507 /2025—26 दिनांक 23.9 2025

**विषयः महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए ''मिशन शक्ति'' विशेष अभियान के पांचवे चरण की कार्ययोजना क्रियान्वित करने के सम्बन्ध में।**

**महोदय / महोदया,**

आप अभिज्ञ हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए ''मिशन शक्ति'' के पांचवें चरण का शुभारम्भ दिनांक 20.09.2025 से मा0 मुख्यमंत्री जी के करकमलों द्वारा किया गया है। उक्त के कम में नवरात्रि के अवसर पर विशेष अभियान तथा 90 दिवसीय विशेष कार्य योजना तैयार की गयी है, जिसका अनुपालन समयबद्ध तरीके से करते हुये नियमित रूप से निर्धारित प्रारूप पर आख्या राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित की जानी है। कार्ययोजना का विवरण निम्नवत् हैः—

**1. दिनांक 21 सितंबर से 30 सितंबर 2025 की कार्ययोजना—**

| क्र.सं. | दिनांक | गतिविधियां |
|---|---|---|
| 1 | 21 सितंबर 2025 | समस्त केजीबीवी में ''मिशन शक्ति'' विशेष अभियान पर आधारित पोस्टर बनाना जो नवदुर्गा के नौ रुपों पर आधारित हो तथा उसपर चर्चा करना |
| 2 | 22 सितंबर 2025 | समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालय तथा केजीबीवी में मां **दुर्गा के नवरुपों पर आधारित नुक्कड़ नाटको मंचन ,** रैली का आयोजन जिसमें तख्तियो परं हेल्प लाइन नंबर, बाल अधिकार आदि के स्लोगन लिखे हो और बच्चे इनसे संबंधित नारे बोलते हुए जन जागरुकता |
| 3 | 23 सितंबर 2025 | समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालय तथा केजीबीवी में विद्यालय, विकास खण्ड, तहसील, जिला तथा मण्डल स्तर पर बालिकाओं को प्रमुख पदों पर एक दिन आसीन करते हुये एक्सपोजर देना (यथा एक दिन का जिलाधिकारी) |
| 4 | 24 सितंबर 2025 | समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालय तथा केजीबीवी में मीना दिवस का आयोजन करना, बालिकाओं को निडर फिल्म दिखाकर चर्चा, रैली तथा नुक्कड़ नाटको का आयोजन जिसमें जन प्रतिनिधियों एवं अभिभावकों को आमन्त्रित करना |
| 5 | 25 सितंबर 2025 | समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालय तथा केजीबीवी की बालिकाओं द्वारा बैंक का भ्रमण एवं खाता संचालन प्रकिया सम्बन्धी जागरूकता |
| 6 | 26 सितंबर 2025 | समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालय तथा केजीबीवी में समस्त जनपद, तहसील, ब्लॉक स्तरीय महिला अधिकारियों तथा ख्याति प्राप्त महिलाओं द्वारा विद्यालय का भ्रमण एवं बालिकाओं से संवाद, आत्मरक्षा प्रशिक्षण के सत्र संचालन तथा सेल्फ डिफेंस क्लब का गठन |
| 7 | 27 सितंबर 2025 | समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालय तथा केजीबीवी में की बालिकाओं द्वारा निकट के थाना या कोतवाली का भ्रमण, हेल्प लाइन नंबर व् FIR लिखने एवम गिरफ्तारी के समय व अन्य नियम के बारे मे बच्चो को बताना, साइबर क्राइम व धोखाधडी के बारे मे सचेत करना |
| 8 | 28 सितंबर 2025 | समस्त केजीबीवी में विभिन्न सामाजिक मुद्दे जैसे जेंडर स्टेरियो टाइप, बाल विवाह, महिलाओ के लिए सरकारी योजनाओ पर नुक्कड नाटक |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | 29 सितंबर 2025 | समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालय तथा केजीबीवी में महिलाओ व् बलिकाओ को उनके अधिकार व उनके लिए चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी देना |
| 10 | 30 सितंबर 2025 | समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालय तथा केजीबीवी में सरकारी हॉस्पिटल का भ्रमण एवम पर्चा बनवाने, संबंधित डॉक्टर को दिखाने व विभिन्न तरह की जांच करवाने की जानकारी |

## 2. 90 दिवसीय विशेष कार्य योजना

**2.1– आत्मरक्षा प्रशिक्षण तथा सेल्फ डिफेंस क्लब का गठन**–रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय, कम्पोजिट तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किये जा रहे हैं। मिशन शक्ति के अन्तर्गत आगामी तीन माह में 12 लाख बालिकाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में निम्नवत् बिन्दुओं पर त्वरित कार्यवाही करते हुये संलग्न प्रारूप पर आख्या नियमित रूप से राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित करें।

- प्रतिदिन आत्मरक्षा प्रशिक्षण की आख्या वीरांगना पोर्टल पर अपलोड करें।
- 24 दिन विद्यालय में प्रशिक्षण होने के उपरान्त प्रशिक्षण की निरन्तरता बनाये रखने हेतु सभी विद्यालयों में सेल्फ डिफेन्स क्लब का गठन किया जाये। क्लब में ऐसी तीन से चार बालिकाओं को नेतृत्व प्रदान किया जाये, जो प्रशिक्षण लेने के उपरान्त सभी बालिकाओं को प्रतिदिन अभ्यास करा सकें। इस हेतु वीरागंना पोर्टल पर उपलब्ध वीडियो का सहयोग लिया जाये।
- प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त बालिकाओं का मूल्यांकन विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा आनलाइन किया जायेगा। इस हेतु यूजर मैनुअल पत्र के साथ संलग्न है।
- प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त सभी बालिकाओं को अनिवार्य रूप से प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाये।

**2.2– सेनेटरी पैड वितरण एवं माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन प्रशिक्षण**– राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक 2503 दिनांक 10.05.2025 द्वारा पीएम श्री से आच्छादित उच्च प्राथमिक विद्यालय, कम्पोजिट विद्यालय में बालिकाओं को सेनेटरी पैड बाँटने के निर्देश एवं बजट प्रेषित किया गया हैं। इसके अतिरिक्त किशोरी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत बालिकाओं को निःशुल्क सेनेटरी उपलब्ध कराये जाते हैं। उक्त के सम्बन्ध में निम्नवत् कार्यवाही अपेक्षित हैः–

- सेनेटरी पैड प्राप्त करने वाली बालिकाओं का विवरण प्रत्येक माह निर्धारित प्रारूप पर समय से उपलब्ध करायें।
- विद्यालय में अध्यनरत सभी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता पर आधारित **पहली की सहेली फिल्म** दिखाकर तथा कॉमिक बुक के माध्यम से प्रशिक्षित करते हुये सूचना राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि विद्यालयों में इन्सीनरेटर एवं बालिका शौचालय कियाशील हो एवं बालिकाओं द्वारा इनका प्रयोग किया जाता हो।
- सभी विद्यालयों में माहवारी स्वच्छता क्लब का गठन करते हुये रोस्टर वाइज बालिकाओं को जिम्मेदारी दी जाये।

**2.3– वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण, डिजिटल कुशलता प्रशिक्षण, जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र कोर्स**–उच्च प्राथमिक विद्यालय, कम्पोजिट तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र विषयक आनलाइन कोर्स कराया जाना है। इस हेतु राज्य परियोजना कार्यालय से उपलब्ध कराये गये कोर्स के लिंक पर जाकर सभी बालिकाओं को स्वयं को पंजीकृत करते हुये प्रशिक्षण प्राप्त करना है। उक्त सम्बन्ध में निम्नवत् कार्यवाही की अपेक्षा हैः–

- प्रत्येक विद्यालय में कोर्स संचालन में सहयोग हेतु एक नोडल शिक्षिक/शिक्षिका को नामित करते हुये उनका विवरण राज्य परियोजना कार्यालय को तत्काल प्रेषित करें।
- इस प्रशिक्षण में सभी नोडल शिक्षक/शिक्षिकाओं को प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा।

- प्रशिक्षण के उपरान्त सभी बालिकाओं को पंजीकृत करते हुये प्रशिक्षण पूर्ण करना होगा एवं तत्सम्बन्धी आख्या निर्धारित प्रारूप पर नियमित रूप से राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
- बालिकाओं के रोस्टर बनाकर प्रशिक्षण हेतु कम्प्यूटर एलॉट करें।
- सभी विद्यालयों में यथावश्यकता क्रियाशील कम्प्यूटर एवं इण्टरनेट की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
- वित्तीय साक्षरता हेतु नोडल शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं बालिकाओं का आनलाइन प्रशिक्षण निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाना है। प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक/शिक्षिकाओं का लाग–इन क्रियेट करने हेतु जनपदों को विस्तृत निर्देश पूर्व में ही प्रेषित किये जा चुके हैं।

**2.4– पावर एंजेल का सशक्तीकरण**–बालिका शिक्षा एवं सशक्तीकरण के अन्तर्गत प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय, कम्पोजिट तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के प्रत्येक कक्षा से एक बालिका को पावर एंजेल के रूप में चयनित किया गया है। आपसे अपेक्षा है कि सभी चयनित पावर एन्जिल को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु प्रशिक्षित किया जाये। इस हेतु प्रशिक्षण माडयूल पत्र के साथ संलग्न है। प्रशिक्षण के उपरान्त नियमित रूप से प्रगति आख्या संलग्न प्रारूप पर प्रेषित करें।

**2.5– बालिकाओं द्वारा बैंक का भ्रमण एवं खाता संचालन प्रकिया सम्बन्धी जागरूकता**– प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय, कम्पोजिट तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की बालिकाओं का निकट के बैंक में भ्रमण कराते हुये खाता संचालन की प्रकिया आदि के बारे में जागरूक किया जाये एवं तद्सम्बन्धी आख्या संलग्न प्रारूप पर राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित करें। इस कार्य हेतु बीसी सखी का भी सहयोग लिया जाये।

**2.6– आर0टी0ई0 12(1)(सी) के अन्तर्गत बालिकाओं का प्रवेश**– आर0टी0ई0 12(1)(सी) के अन्तर्गत निजी विद्यालयों में बालिकाओं के प्रवेश हेतु व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान संचालित करते हुये अधिक से अधिक बालिकाओं के प्रवेश सुनिश्चित कराये जायें। इस सम्बन्ध में राज्य परियोजना कार्यालय से प्रेषित पूर्व के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये तद्सम्बन्धी आख्या संलग्न प्रपत्र पर राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित करें।

**2.7– दिव्यांग बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपकरण वितरण**– राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक–1920 दिनांक 18.06.2025 द्वारा जारी दिव्यांग बालक–बालिकाओं के मेडिकल असेसमेंट कैम्प हेतु विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये गये हैं। उक्त के सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा है कि अधिक से अधिक दिव्यांग बालिकाओं का मेडिकल असेसमेंट कर उपकरण वितरण करायें एवं तद्सम्बन्धी आख्या संलग्न प्रारूप पर राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित करें।

**2.8– ख्याति प्राप्त महिलाओं द्वारा विद्यालय का भ्रमण एवं बालिकाओं से संवाद**– प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय, कम्पोजिट तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्थानीय स्तर की ख्याति प्राप्त महिलाओं/अधिकारियों का भ्रमण कराते हुये बालिकाओं से सीधे संवाद करायें ताकि बालिकायें अभिप्रेरित हो सके। उक्त के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही संलग्न प्रारूप पर राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित करें।

**2.9– विद्यालय, विकास खण्ड, तहसील, जिला तथा मण्डल स्तर पर बालिकाओं को प्रमुख पदों पर एक दिन आसीन करते हुये एक्सपोजर देना (यथा एक दिन का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी)**–मिशन शक्ति के अन्तर्गत बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु उन्हें एक दिन का अधिकारी बनाये जाने की मुहिम चलायी जा रही है। इसी कड़ी में प्रत्येक जनपद से 100 बालिकाओं को चयनित करते हुये उन्हें विभिन्न स्तर यथा विद्यालय, विकास खण्ड, तहसील, जिला स्तर पर बालिकाओं को प्रमुख पदों पर एक दिन आसीन करते हुये एक्सपोजर दिया जाये। बालिकाओं का चयन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि नेतृत्व क्षमता धारित एवं सभी वर्गों समुदायों एवं दिव्यांग बालिकाओं को प्रतिनिधित्व दिया जाये। इस हेतु बालिकाओं की सूची तैयार कर कार्य योजना बनाये एवं तद्सम्बन्धी आख्या संलग्न प्रारूप पर राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित करें।

**2.10— बालिकाओं को गाइड प्रशिक्षण—** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को गाइड प्रशिक्षण हेतु दिशा—निर्देश प्रेषित किये गये हैं। आपसे अपेक्षा है कि शत—प्रतिशत बालिकाओं को गाइड का प्रशिक्षण प्रदान करते हुये तद्सम्बन्धी आख्या संलग्न प्रारूप पर राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित करें।

**2.11— कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण व्यवस्था—**मिशन शक्ति के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों का अनुश्रवण नियमित रूप से सीएम डैश बोर्ड के माध्यम से किया जायेगा। अतः प्रत्येक जनपद में कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु निम्नवत् निर्देश प्रदान किये जाते हैं—

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रत्येक सप्ताह खण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक कर प्रगति की समीक्षा करें।
- खण्ड शिक्षा अधिकारी नियमित रूप से ब्लाक स्तर पर प्रधानाध्यापकों की बैठक कर कार्यक्रम का प्रभावी कियान्वयन एवं अनुश्रवण करते हुये आख्या नियमित रूप से जनपद स्तर पर उपलब्ध करायेंगे।
- जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) ब्लाक एवं जनपद पर समन्वय करते हुये कार्यक्रम का प्रभावी कियान्वयन करायेंगे एवं आख्या संकलित कर समयान्तर्गत राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे अथवा पोर्टल पर फीड करेंगे।
- सभी विद्यालयों में मिशन शक्ति के बैनर लगायें जायें जिस पर होने वाला व्यय विद्यालय विकास अनुदान मद में प्रेषित बजट से करें।
- नोडल शिक्षक शिक्षिका अपने विद्यालय के शैक्षणिक दायित्व को निभाते हुये नोडल के रूप में कार्य करेंगे। नोडल शिक्षक/शिक्षिका/जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी से समन्वय करते हुये सभी विद्यालयों में कार्यक्रम के कियान्वयन में सहयोग प्रदान करते हुये आख्या एकत्र करेंगे एवं अपने क्षेत्र की केस स्टडी एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज का दस्तावेजीकरण कर जनपद स्तर पर उपलब्ध करायेगें। नोडल शिक्षिका/शिक्षक द्वारा किया जाने वाला कार्य पूर्णतः स्वैच्छिक होगा। सभी नोडल शिक्षक/शिक्षिकाओं को 8 मार्च महिला दिवस के अवसर पर उन्हें उनके विशेष योगदान के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जायेगा।
- मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक) अपने मण्डल के सभी जनपदों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों, खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं जिला समन्वयक बालिका शिक्षा की नियमित बैठक कर कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे।
- कार्यक्रम की प्रतिदिन की प्रगति हेतु गतिविधिवार गूगल फार्म विकसित किया गया है, जिसका लिंक व्हॉट्स—ऐप के माध्यम से प्रेषित किया जायेगा।
- मिशन शक्ति आधारित गतिविधियों में अपने जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं नवसाक्षर महिलाओं की की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करायें।

**कार्यकम के प्रचार—प्रसार एवं ब्रांडिग हेतु कार्यवाही –**

- **बीएसए स्तर पर कार्यवाही –**

  **1. रियल टाइम रिपोर्टिंग**—सभी गतिविधियों की संक्षिप्त रिपोर्ट एवं फोटो,वीडियो उसी दिन 1 बजे तक निदेशालय को भेजें।

  **2. सोशल मीडिया सक्रियता**—अपने आधिकारिक, व्यक्तिगत हैंडल्स से नियमित रूप से गतिविधियों की पोस्टिंग करें।

  **3. आधिकारिक पोस्ट का प्रसार**—विभागीय सोशल मीडिया हैंडल्स से किए गए पोस्ट को अनिवार्य रूप से रिपोस्ट,शेयर, रीट्वीट करें।

  **4. जिला—स्तरीय सपोर्ट**—नामित अधिकारी, टीम यह सुनिश्चित करें कि विभागीय पोस्ट्स का समय पर amplification हो।

5. **एकीकृत ब्रांडिंग**–सभी जनपद समान हैशटैग, टेम्पलेट व फॉर्मेट का उपयोग करें और निर्देशों का त्वरित अनुपालन करें।

- **वार्डेन/प्रधानाध्यापक के दायित्व**– प्रतिदिन 1 बजे तक कार्यक्रम का संपादन करते हुये सूचना गूगल फार्म पर तथा फोटो एवं वीडियो ईमेल src.kgbv2@gmail.com पर अनिवार्य रुप से अपलोड करना
- **बीईओ/जिला समन्वयक बालिका शिक्षा एवं नोडल बालिका शिक्षा के दायित्व**–सभी स्कूल की आख्या गूगल फार्म पर तथा फोटो एवं वीडियो ईमेल पर अपलोड कराना तथा जनपद सोशल मीडिया कैंपेन करना

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि जारी निर्देश के अनुसार कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें एवं कार्यक्रम से सम्बन्धित व्हॉट्स–ऐप के माध्यम से प्रेषित गूगल फार्म पर प्रतिदिन आख्या फोटो एवं वीडियो अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीया,

**(मोनिका रानी)**
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा

**पृ0सं0:GE-01/ मिशन शक्ति/कार्ययोजना/ 4507 /2025–26 तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा अनुभाग–5, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, समस्त जनपद।
4. निदेशक, बेसिक शिक्षा एवं निदेशक एस0सी0आर0टी0, उ0प्र0 लखनऊ।
5. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद।
6. शिक्षा अधिकारी, यूनिसेफ को इस अनुरोध से प्रेषित कि वित्तीय साक्षरता, डिजिटल कुशलता प्रशिक्षण एवं जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण के कियान्वयन हेतु सहयोग प्रदान करने का कष्ट करे।
7. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकास खण्ड, उ0प्र0।
8. जिला समन्वयक (बा0शि0), समस्त जनपद।

**(मोनिका रानी)**
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा

| पॉवर एंजिल का सशक्तिकरण | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | कितनी बालिकाओं को पॉवर एंजिल के रुप में प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

| बालिकाओं को जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल के0जी0बी0वी की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं को जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
| | | | | |
| | | | | |

| 2– पी0एम0श्री से आच्छादित उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बालिकाओं को जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण | | | | |
| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं को जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
| | | | | |
| | | | | |

| 3– अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बालिकाओं को जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण | | | | |
| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं को जीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
| | | | | |
| | | | | |

**आर0टी0ई0 12(1)(ग) के अन्तर्गत बालिकाओ का प्राइवेट विद्यालयों में प्रवेश**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल कितनी बालिकाओं द्वारा आवेदन किया गया | लॉटरी के माध्यम से कुल कितनी बालिकाओं को एलॉटमेंट किया गया | प्राइवेट विद्यालयों में कुल कितनी बालिकाओं को नामांकित किया गया |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल के0जी0बी0वी की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

2– पी0एम0 श्री से आच्छादित उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या

**बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

3– अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या

**बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

**बालिकाओं को डिजिटल कुशलता प्रशिक्षण**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल के0जी0बी0वी की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं को डिजिटल कुशलता प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

2– पी0एम0 श्री से आच्छादित उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या

**बालिकाओं को डिजिटल कुशलता प्रशिक्षण**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं को डिजिटल कुशलता प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

3– अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या

**बालिकाओं को डिजिटल कुशलता प्रशिक्षण**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं को डिजिटल कुशलता प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

**आत्मरक्षा प्रशिक्षण**

| क्र.सं. | जनपदों की संख्या | कुल उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालयों एवं के0जी0बी0वी की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं को आत्म रक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

| **एक दिन की अधिकारी.........** | | | |
|---|---|---|---|
| **1– कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों की आख्या** | | | |
| क्र.सं. | जनपद का नाम | कितनी बालिकाओं को एक दिन का अधिकारी बनाया गया | नाम एवं पदनाम की सूचीं संलग्न करें |
| | | | |
| | | | |

| 2– पी0एम0 श्री से आच्छादित उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या | | | |
|---|---|---|---|
| **एक दिन की अधिकारी.........** | | | |
| क्र.सं. | जनपद का नाम | कितनी बालिकाओं को एक दिन का अधिकारी बनाया गया | नाम एवं पदनाम की सूचीं संलग्न करें |
| | | | |
| | | | |

| 3– अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या | | | |
|---|---|---|---|
| **एक दिन की अधिकारी.........** | | | |
| क्र.सं. | जनपद का नाम | कितनी बालिकाओं को एक दिन का अधिकारी बनाया गया | नाम एवं पदनाम की सूचीं संलग्न करें |
| | | | |
| | | | |

**सेनेटरी पैड वितरण एवं माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन प्रशिक्षण**

**1– कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों की आख्या**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | केजीबीवी की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितने विद्यालयो में माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन क्लब का गठन किया गया | कितने विद्यालयों में बालिकाओं के लिए कियाशील शौचालय उपलब्ध हैं | कितने विद्यालयों में कियाशील इन्सीनेरेटर उपलब्ध हैं। | कितनी बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किये गये | कितनी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन प्रशिक्षण दिया गया | कुल कितनी बालिकायें लाभान्वित हुई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

**2– पी0एम0 श्री से आच्छादित उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या**

**सेनेटरी पैड वितरण एवं माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन प्रशिक्षण**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | पी0एम0 श्री से आच्छादित उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितने विद्यालयो में माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन क्लब का गठन किया गया | कितने विद्यालयों में बालिकाओं के लिए कियाशील शौचालय उपलब्ध हैं | कितने विद्यालयों में कियाशील इन्सीनेरेटर उपलब्ध हैं। | कितनी बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किये गये | कितनी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन प्रशिक्षण दिया गया | कुल कितनी बालिकायें लाभान्वित हुई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

**बालिकाओं द्वारा बैंक का भ्रमण एवं खाता संचालन प्रकिया सम्बन्धी जागरूकता**

**1— कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों की आख्या**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | केजीबीवी की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं द्वारा बैंक का भ्रमण किया गया | कितनी बालिकाओं को खाता संचालन प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया गया |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

2— पी0एम0श्री से आच्छादित उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या

**बालिकाओं द्वारा बैंक का भ्रमण एवं खाता संचालन प्रकिया सम्बन्धी जागरूकता**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | पी0एम0 श्री से आच्छादित उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं द्वारा बैंक का भ्रमण किया गया | कितनी बालिकाओं को खाता संचालन प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया गया |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

3— अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या

**बालिकाओं द्वारा बैंक का भ्रमण एवं खाता संचालन प्रकिया सम्बन्धी जागरूकता**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की संख्या | लक्ष्य (नामांकित बालिकाओं की संख्या) | कितनी बालिकाओं द्वारा बैंक का भ्रमण किया गया | कितनी बालिकाओं को खाता संचालन प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया गया |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

**दिव्यांग बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपकरण वितरण**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | दिव्यांग बालिकाओं की संख्या | कितनी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया | कितनी बालिकाओं को उपकरण वितरित किया गया |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**ख्याति प्राप्त महिलाओं द्वारा विद्यालय का भ्रमण एवं बालिकाओं से संवाद**

**1– कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों की आख्या**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | कितने विद्यालयों में ख्याति प्राप्त महिलाओं द्वारा भ्रमण किया गया | किन महिलाओं द्वारा विद्यालयों का भ्रमण किया गया (नाम एवं पदनाम) | किस तिथि में बालिकाओं से संवाद किया गया | कितनी बालिकाओं से संवाद किया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

2– पी0एम0 श्री से आच्छादितउच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या

**ख्याति प्राप्त महिलाओं द्वारा विद्यालय का भ्रमण एवं बालिकाओं से संवाद**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | कितने विद्यालयों में ख्याति प्राप्त महिलाओं द्वारा भ्रमण किया गया | किन महिलाओं द्वारा विद्यालयों का भ्रमण किया गया (नाम एवं पदनाम) | किस तिथि में बालिकाओं से संवाद किया गया | कितनी बालिकाओं से संवाद किया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

3–अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंम्पोजिट विद्यालयों की आख्या

**ख्याति प्राप्त महिलाओं द्वारा विद्यालय का भ्रमण एवं बालिकाओं से संवाद**

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कुल विद्यालयों की संख्या | कितने विद्यालयों में ख्याति प्राप्त महिलाओं द्वारा भ्रमण किया गया | किन महिलाओं द्वारा विद्यालयों का भ्रमण किया गया (नाम एवं पदनाम) | किस तिथि में बालिकाओं से संवाद किया गया | कितनी बालिकाओं से संवाद किया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |